पत्रिका 13-5-19

इंतजार खत्म : हिंदी-अंग्रेजी के लिए अलग-अलग आवेदन का झंझट खत्म

अगले सप्ताह से नई डिग्री जारी करेगी देवी अहिल्या यूनिवर्सिटी

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

इंदौर. देवी अहिल्या यूनिवर्सिटी के छात्रों को अब नए फॉर्मेट की डिग्री दी जाएगी। इसके लिए करीब दो साल से कवायद चल रही थी। कुछ माह पहले हुए दीक्षांत समारोह में शामिल मेरिट होल्डर्स को नई डिग्री दी गई थी, लेकिन अब सभी पासआउट विद्यार्थियों को ये डिग्री मिलने लगेगी। अगले सप्ताह से आवेदन करने वालों के लिए यूनिवर्सिटी ने नई डिग्री बुलवा ली है। यूनिवर्सिटी अब तक हिंदी और अंग्रेजी की अलग-अलग डिग्री जारी करती रही है। इसके लिए आवेदन भी अलग-अलग करना होते हैं। नए फॉर्मेट में एक ही डिग्री में हिंदी और अंग्रेजी में नाम, कोर्स, सत्र और श्रेणी की जानकारी रहेगी। यानी अब डिग्री के लिए एक ही आवेदन देना होगा। इस डिग्री में कई नए फीचर शामिल किए हैं। जैसे ये पूरी तरह वॉटर प्रूफ रहेगी। नई डिग्री में पूरी जानकारी प्रिंट होने के कारण टेम्परिंग की भी गुंजाईश नहीं होगी। इसका वेरिफिकेशन भी पहले की तुलना में आसान होने का दावा है। यूनिवर्सिटी ऐसा सिस्टम डेवलप कर रही है, जिससे वेरिफिकेशन ऑनलाइन ही किया जा सके।

> नई डिग्री में सिक्योरिटी फीचर भी शामिल किए हैं, जिससे डुप्लीकेसी या टेम्परिंग की गुंजाइश नहीं रहेगी। अगले सप्ताह से आवेदन करने वालों को नए फॉर्मेट की डिग्री दी जाएगी।
>
> **प्रो. नरेंद्र धाकड़**, कुलपति